दिनांकः 30.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला रोड शो आज मुंबई में हो रहा है। देशी–विदेशी उद्योग और कॉरपोरेट जगत को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के वास्ते हो रहे इस रोड शो का नेतृत्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में निवेश संबंधी कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर और राइजिंग राजस्थान वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री, उद्योग जगत के कई दिग्गजों और बड़ी हस्तियों के साथ चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित राज्य के शीर्ष अधिकारी मौजूद हैं। इस अवसर पर एक लघु फिल्म भी दिखायी जाएगी, जो राज्य के अंदर विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद अवसर और तेजी से हो रहे निवेश जैसे कई विषयों पर आधारित होगी। इसके अलावा, अगले दो महीनों के दौरान राज्य सरकार दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, यूनाइटेड अरब अमीरात और सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में भी रोड शो करने जा रही है। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन 9 से 11 दिसम्बर तक राजधानी जयपुर होगा।

....

जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर आज से भारत सहित कई देशों की वायु सेना का युद्धाभ्यास तरंग शक्ति आयोजित किया जा रहा है। 14 सितम्बर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारत के अलावा सभी मेहमान देशों के एयर चीफ स्वदेशी विमान उड़ाएंगे। 31 देशों की वायुसेनाएं एक्सरसाइज में भाग ले रही हैं। युद्धाभ्यास में 70 से एक सौ विमान भाग ले रहे हैं। इनमें यूएस का एफ–18, जापान का एफ–2, यूएई का एफ–16, यूएस का ए–10 थंडरबोल्ट और एमआरटीटी शामिल हैं। भारत के सुखोई 30 एमकेआई, राफेल, तेजस, जगुआर, मिराज, हॉक्स, प्रचंड, मिग 29, अवाक्स, आईएल 78, पिछौरा और आकाश मिसाइल का भी युद्धाभ्यास में प्रदर्शन होगा। इस दौरान स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

....

आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन–आवा द्वारा 'अस्मिता–आवा सदस्यों की प्रेरणादायक कहानियाँ' का आज जयपुर मिलिट्री स्टेशन के सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में आयोजन हुआ। इसमें आवा सदस्यों और वीर नारियों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किये। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चुनौतियों का सामना करते हुए अपने जीवन में पाई सफलता की कहानी सुनाई। इनमें वीनस मल्होत्रा, एश्वर्या तावडे, शिवानी अग्रवाल और लेफ्टिनेंट कर्नल पुनीत शामिल रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला और बाल विकास मंत्री मंजू बाघमार रहीं। अस्मिता की परिकल्पना केंद्रीय आवा द्वारा की गई थी और इसका उद्घाटन 14 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली में किया गया था। अस्मिता का दूसरा संस्करण 21 अगस्त 2023 को आयोजित किया गया था। जयपुर में पहली बार ये आयोजन किया गया। यह आवा सदस्यों और वीर नारियों को अपनी चुनौतियों और उपलब्धियों को बताने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

....

सीकर जिले के रेवासा धाम के पीठाधीश्वर, महंत राघवाचार्य का आज सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। आज रेवासा में ही उनका अंतिम संस्कार होगा। 72 वर्षीय महंत राघवाचार्य कई साल पुराने मंदिर रेवासा के जानकीनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर थे। यह मंदिर 1570 में बना था। उनके निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रद्धांजलि दी है।

....

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर अजमेर में बने थाने हरिभाऊ उपाध्याय नगर के लिए नफरी और संसाधनों की मंजूरी दे दी है। थाने में पुलिस निरीक्षक सहित कई पदों और संसाधनों की स्वीकृति दी गई है। सरकार ने बजट घोषणा में यहां की चौकी को क्रमोन्नत कर थाना बनाने की घोषणा की थी।

....

भरतपुर के राजकीय महाविद्यालय वैर की ओर से आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज प्रभात फेरी निकाली गई। इसके साथ ही श्रमदान कर साफ सफाई करने का संदेश भी दिया गया। वैर कस्बे में निकाली गई जागरूकता प्रभात फेरी में शामिल विद्यार्थियों ने पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने और अपने आसपास सफाई रखने की अपील की।

....

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आज बच्छ बारस का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की द्वादशी को ये लोक पर्व मनाया जाता है। महिलाएं गायों और बछडों का पूजन कर रही हैं और अपने पुत्र की लम्बी उम्र तथा परिवार में सुख समृद्धि की कामना कर रही हैं। इस अवसर पर घरों में मक्की और बाजरे की रोटी और मूंग चावल जैसे पारम्परिक पकवान बनाए गए।

....